उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय देहरादून
UTTARAKHAND TECHNICAL UNIVERSITY DEHRADUN
महिला पॉलीटेक्नीक परिसर, पो0ऑ0 चन्दनवाड़ी, सुद्धोवाला, देहरादून-248007, उत्तराखण्ड
Govt Girls Polytechnic Campus, P.O. Chandanwari, Sudhowala, Dehradun-248007, U.K.
Website : www.uktech.in. Tel : 0135-2770126, 127, 128. Fax : 0135-2770124

## वित्त समिति की दसवीं बैठक (दिनांक 15/11/2011, दिन मंगलवार) का कार्यवृत्त

उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय सुद्धौवाला, देहरादून की **वित्त समिति की दसवी बैठक, दिनांक 15/11/2011 (दिन– मंगलवार)** को **पूर्वाहं 11 बजे** कुलपति कक्ष, सुद्धौवाला (देहरादून) में **मा0 कुलपति महोदय** की अध्यक्षता में आयोजित/सम्पन्न हुई।

**बैठक में निम्नलिखित महानुभावों ने प्रतिभाग किया:–**

| | | |
|---|---|---|
| 01 | प्रो0 डी0एस0 चौहान (कुलपति), उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय, देहरादून। | अध्यक्ष |
| 02 | श्री एस0सी0 जोशी, अपर सचिव वित्त (प्रतिनिधि प्रमुख सचिव, वित्त)। | सदस्य |
| 03 | प्रो0 जी0एस0 रजवार, उपनिदेशक, उच्च–शिक्षा (प्रतिनिधि प्रमुख सचिव, उच्च–शिक्षा)। | सदस्य |
| 04 | प्रो0 एच0सी0 नैनवाल (प्रति कुलपति), उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय, देहरादून। | सदस्य |
| 05 | श्री प्रमोद कुमार जोशी (वित्त नियंत्रक), उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय, देहरादून। | सदस्य/सचिव |
| 06 | डॉ0 आशीष उनियाल, (उप–कुलसचिव), उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय, देहरादून। | सदस्य |

**बैठक में सम्यक विचारोपरान्त निम्नानुसार विनिश्चय (निर्णय) लिये गये:–**

एजेण्डा बिन्दु संख्या–01

**(क)** उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय, सुद्धौवाला, देहरादून की वित्त समिति की विगत बैठक **दिनांक 29/04/2011** के कार्यवृत्त की सर्व सम्मतिद्वारा पुष्टि की गयी।

**(ख)** उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय, सुद्धौवाला, देहरादून की दिनांक 29/4/2011 को सम्पन्न **वित्त–समिति की बैठक** के कार्य–वृत्त पर कृत–कार्यवाही ।

159

| कंसं | एजेण्डा–बिन्दु | कृत–कार्यवाही |
|---|---|---|
| 01 | उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय, सुद्धौवाला, देहरादून में आवंटित **भवनों** के स्वीकृत प्राकलनों के सापेक्ष **भौतिक / वित्तीय** प्रगति एवं कृत–कार्यो का मदवार मूल्यांकन / भौतिक सत्यापन। | कार्यदायी संस्था से विस्तृत प्रांकलन / मूल्यांकन, रिकार्ड प्राप्त न होने पर कार्यवाही गतिमान है। |
| 02 | शासन द्वारा सुद्धौवाला में विश्वविद्यालय के परिसर हेतु आवंटित भूमि **8.372 हेक्टेयर** में निमार्णाधीन प्रशासनिक भवन तथा अन्य निर्माण कार्यो की बाढ़ सुरक्षा कार्य हेतु शासन द्वारा पूर्व–स्वीकृत निर्माण कार्य **रू0 130.81 लाख** के स्थान पर सिचांई विभाग से प्राप्त बाढ़ सुरक्षा कार्य के प्राकलन **(स्टीमेट) रू0 159.34 लाख** पर प्रस्ताव अनुमोदनार्थ। | शासन से प्रशासनिक स्वीकृति अपेक्षित है। |
| 03 | सुद्धौवाला में आवंटित भूमि पर प्रस्तावित एकेडमिक ब्लॉक के प्रारम्भिक आगणन **रू0 4743.78 लाख** पर **वित्तीय वर्ष 2011–12** में निर्माण कार्य प्रारम्भ कराने का प्रस्ताव अनुमोदनार्थ। | शासन से प्रशासनिक स्वीकृति अपेक्षित है। |
| 04 | मा0 कुलपति महोदय द्वारा विश्वविद्यालय के कार्यों हेतु निर्माता कम्पनी **(मारूती–सुजूकी)** से वित्तीय **वर्ष 2011–12** में **टाप–मॉडल** वाहन **एस0एक्स0 फोर** अनुमानित मूल्य अंकन **रू0 9,08,316.00 (नौ लाख आठ हजार तीन सौ सोलह रू0 मात्र)** का प्रस्ताव अनुमोदनार्थ। | शासन से स्वीकृति अपेक्षित है। |
| 05 | शासनादेश **संख्या 897 / XXVIII (7) / 2010–03 / 2009 दिनांक 28 / 07 / 2010** की तर्ज पर आउटसोर्स के स्थान पर विश्वविद्यालय कर्मचारियों की समय–समय पर मांग के दृष्टिगत संविदा आधार पर रखे जाने कर प्रस्ताव। | वित्त समिति की बैठक दिनांक 29.4.11 में लिए गये निर्णय के क्रम में कुलसचिव स्तर से शासन को पृथक से प्रस्ताव भेजा जाना गतिमान है। |

## नये प्रस्ताव

**एजेण्डा बिन्दुः– 02** **बी0फार्मा0** तथा **एम0फार्मा** बैक पेपर परीक्षा–शुल्क **(मानदेय सहित)** अंकन **रू0 600.00** के स्थान पर **रू0 250.00** स्वीकृति किये जाने का प्रस्ताव अनुमोदनार्थ।

**विनिश्चय (निर्णय):–** सर्व–सम्मति द्वारा प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

**एजेण्डा बिन्दुः– 03 (क)** जनपद पिथौरागढ़ में शासन द्वारा अनुमोदित **"सीमान्त प्रौद्योगिकी संस्थान पिथौरागढ़"** को चालू शिक्षा **सत्र 2011** से प्रारम्भ किये जाने का प्रस्ताव अनुमोदनार्थ।

**विनिश्चय (निर्णय):–** बैठक में प्रस्तुत प्रस्ताव पर सर्व सम्मति से समिति द्वारा अनुमोदन किया गया।

**एजेण्डा बिन्दुः– 03 (ख)** जनपद पिथौरागढ़ में शासन द्वारा अनुमोदित **"सीमान्त प्रौद्योगिकी संस्थान पिथौरागढ़"** हेतु शासन को पूर्व में प्रेषित पत्रांक 9945/यू0टी0यू0/11–12 दिनांक 4.10.11 द्वारा (संलग्नक–1) पर प्रस्ताव प्रस्तुत।

**विनिश्चय (निर्णय):–** उक्तानुसार प्रस्ताव पर सर्वसम्मति द्वारा अनुमोदन किया गया। इस क्रम में यह भी अपेक्षा की गयी कि चालू वित्त वर्ष 2011–12 हेतु पृथक से मदवार आय व्ययक आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जायेगा।

**एजेण्डा बिन्दुः–03 (ग)** जनपद पिथौरागढ़ में शासन द्वारा अनुमोदित **"सीमान्त प्रौद्योगिक संस्थान पिथौरागढ़"** हेतु **बुलेरों** वाहन क्रय करने हेतु अंकन अनुमानतः **रू0 5,00,000.00 (पॉच लाख रूपये मात्र)** का प्रस्ताव अनुमोदनार्थ।

**विनिश्चय (निर्णय):–** सर्व सम्मति से समिति द्वारा प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। यह भी निर्णय लिया गया कि बजट की उपलब्धता तथा वाहन की आवश्यकता के अनुरूप ही अग्रेतर कार्यवाही की जायेगी जिसमें उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति **नियमावली 2008** का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

**एजेण्डा बिन्दुः– 04** **"टिहरी हाइड्रोपावर इंजी0 कॉलेज टिहरी" का वर्ष 2011–12 का अनुमानित आय व्ययक विवरण अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है। (संलग्नक–2)।**

**विनिश्चय (निर्णय):–** सर्वसम्मति द्वारा एजेण्डा में प्रस्तुत प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

**एजेण्डा बिन्दुः– 05**– उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय, द्वारा **नई–दिल्ली** में **प्लेसमैन्ट प्रकोष्ठ** खोले जाने का प्रस्ताव अनुमोदनार्थ। **(संलग्नक–3)**

**विनिश्चय (निर्णय):**– सर्व–सम्मति से समिति द्वारा औपचारिक तौर पर प्रस्ताव अनुमोदन किया गया।

**एजेण्डा बिन्दुः– 06**– उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय, की कार्य–परिषद की स**म्पन्न चतुर्थ बैठक दिनांक 20 अक्टूबर, 2010 (दिन बुधवार)** में पारित प्रस्ताव के साथ **(संलग्नक–4)** पर प्रस्तुत है।

**विनिश्चय (निर्णय):**–सर्व सम्मति द्वारा विचार विमर्श किये जाने के उपरान्त निर्णय लिया गया कि इस क्रम में अन्य विश्वविद्यालयों से तुलनात्मक दरें प्राप्त कर **तद्नुसार/नियमानुसार** अग्रेत्तर कार्यवाही की जायेगी।

**एजेण्डा बिन्दुः–07** उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय, हेतु निमार्णाधीन प्रशासनिक भवन की **भौतिक एवं वित्तीय** प्रगति पर चर्चा तथा अग्रेत्तर वचनबद्ध अग्रेत्तर धनराशि अंकन **रू0 1,00,00,000.00 (एक करोड़ रूपये मात्र)** भुगतान हेतु प्रस्ताव अनुमोदनार्थ। **(संलग्नक–5)**

**विनिश्चय (निर्णय):**–प्रस्ताव के साथ सलंग्न प्रगति की समीक्षा उपरान्त यह निर्णय सर्व–सम्मति द्वारा लिया गया कि कार्यदायी संस्था द्वारा कृत कार्य/उपलब्ध करायी गयी अग्रिम धनराशि के सापेक्ष समझोता ज्ञापन में अपेक्षित प्रगति तथा मूल्यांकन के दृष्टिगत एवं दिनांक 06/09/2011 की बैठक में लिए गये निर्णय के अनुरूप व नियमानुसार शेष /पूर्व स्वीकृत **अग्रिम रू0 1.00 करोड़ (एक करोड़ रूपये मात्र)** कार्यदायी संस्था को अवमुक्त किया जायेगा।

**एजेण्डा बिन्दुः– 08 वित्तीय वर्ष 2011–12** हेतु विगत वित्त–समिति की बैठक **दिनांक 29/04/2011** में अनुमोदित आय–व्यय के सापेक्ष प्रारम्भिक पुनरीक्षित **अनुमान/प्रस्ताव** अनुमोदनार्थ। **(संलग्नक–6)**

**विनिश्चय (निर्णय):–तद्नुसार वित्त समिति के समक्ष प्रस्तुत पुनरीक्षित आय व्ययक अनुमान 2011–12 का सर्व सम्मति द्वारा अनुमोदन किया गया।**

156

**<u>एजेण्डा बिन्दुः– 09</u>** अन्य बिन्दु अध्यक्ष महोदय की अनुमति से।

**अन्त में बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा मा0 कुलपति महोदय का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक सम्पन्न हुई।**

8/2/2012

**(प्रमोद कुमार जोशी)**
सचिव/वित्त नियंत्रक

**(प्रो0 डी0एस0 चौहान)**
कुलपती